श्री पंचगुरुभ्यो नमः । श्री चंद्रप्रभाय नमः ।

मुनिराज श्री इन्द्रनन्दि विरचित

श्री ज्वालामालिनी कल्प

भाषा टीका और मंत्र तंत्र यंत्र सहित

टीकाकार-
काव्य साहित्य तीर्थाचार्य, [illegible]-विद्यावारिधि
श्री पं० चंद्रशेखरजी शास्त्री-देहली

प्रकाशक-
मूलचंद किसनदास कापड़िया
दिगम्बर जैन पुस्तकालय, गांधीचौक-सूरत

प्रथमावृत्ति] वीर सं. २४९२ [प्रति १०००

मूल्य : पांच रुपये

निवेदन

जैन शास्त्रोंमें मंत्र शास्त्र और औषधिशास्त्र अनेक हैं उनमें मंत्र शास्त्रकी महिमा तो अपरंपार है। मंत्र शास्त्रोंमेंसे श्री ऋषि मण्डल यंत्र कल्प, भक्तामर स्तोत्र कल्प, कल्याण मंदिर स्तोत्र कल्प, णमोकार मंत्र कल्प-माहात्म्य तो यंत्रमंत्र व साधनविधि सहित प्रकट हो चुके हैं। लेकिन और भी मंत्रशास्त्र अन्धकारमें मौजूद थे व प्रकट नहीं हो सके थे ऐसे समयमें आजसे २७ वर्ष पर जब हम सहकुटुम्ब श्री शिखरजीकी यात्रार्थ गये थे तब लौटते समय देहलीमें धर्मपुराकी धर्मशालामें ठहरे थे जिसकी सूचना मिलते ही वहाके एक महान् प्रखर विद्वान श्री० पं० चन्द्रशेखरजी शास्त्री जो विद्यावारिधि आदि पदवीधारी थे हमसे मिलने आये थे। उनसे जैन साहित्य व मन्त्र शास्त्रोंकी चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि जैन मंत्रशास्त्र तो अगाध हैं। "हमने यहां (देहली) के शास्त्र भण्डारसे बड़ी मेहनतसे भैरव पद्मावती कल्प, ज्वालामालिनी कल्प, अंबिका कल्प, मंत्र-व्याकरण व बीज कोष मूल प्राप्त करके उनकी प्रेस कॉपी की है व उन्हें हिन्दी अर्थ सहित तैयार किये हैं। यदि आप इनमेंसे को छपाना चाहें मैं आपको उचित मूल्य पर दे सकता हूं" तो हमने आपको ये प्रेस कापियां मंगाकर देख ली थीं फिर सूरत आकर उनमेंसे "भैरव पद्मावती कल्प" यंत्र मंत्र व साधनविधि सहित आपसे मंगा लिया था बादमें अनेक कारणवशात् वह ग्रन्थ हम जल्दी प्रकट नहीं कर सके थे लेकिन आजसे १२ वर्ष पूर्व वह ग्रन्थ प्रकट किया था जो करीब-करीब बिक चुका है। (सिर्फ इनीगिनी प्रतियां शेष हैं)

इस ग्रन्थके मुख पृष्ठपर हमने प्रकट किया था कि आगे हम "ज्वालामालिनी कल्प" भी प्रकट करनेकी भावना रखते हैं ऐसा पढ़कर हमारे पास इस कल्पके लिए मांग आती ही रहती थी। इसलिए हमने पं० चंद्रशेखरजी शास्त्रीसे पत्रव्यवहार करके इस "ज्वालामालिनी कल्प" मंत्र-शास्त्र को हिन्दी अर्थ व यंत्र-मंत्र व साधन विधि सहित है, देहलीसे मंगा लिया था जिसको भी प्रकट करनेमें अनेक कार्यवशात् विलंब हुआ तो भी हर्ष होता है कि वह मंत्र-शास्त्र आज हम साधन विधि व यंत्र मंत्र सहित प्रकट कर रहे हैं।

जब "भैरव पद्मावती कल्प" बारहवीं शताब्दिमें श्री मल्लिषेण-सूरिने रचा था, और यह "ज्वालामालिनी कल्प" यंत्र-शास्त्र मुनिराज श्री इन्द्रनन्दीने दशवीं शताब्दिमें रचा था। यह मंत्र-शास्त्र दश परिच्छेदोंमें शास्त्रोक्त मन-चाहे विधान करीब ७५ प्रकारकी साधन विधि सहित हैं तथा इसमें उसकी साधनाके २३ यंत्र भी बड़ा भारी खर्च करके दिये गये हैं।

"भैरव पद्मावती कल्प" की प्रस्तावना तो श्री० पं० चंद्रशेखरजी शास्त्रीने लिख दी थी लेकिन 'ज्वालामालिनी कल्प' को हमने छापकर पूर्ण किया और आपको इसकी प्रस्तावनाके लिये देहली लिखा गया तब आपके पुत्र श्री चन्द्रमणिका पत्र आया कि हमारे पिताजी (पं० चन्द्रशेखरजी शास्त्री) तो १ वर्ष हुये गुजर गये हैं आदि। तब हमने इस यंत्रशास्त्रपर किसी महान विद्वानसे प्रस्तावना लिखाना उचित समझा व ऐसे विद्वान् हमें मिल गये जिनका नाम है—प्रो० उमाकांत प्रेमानन्द शाह एम. ए. पी. एच. डी. बड़ौदा। आप यंत्र शास्त्रके बड़े भारी विद्वान हैं व बड़ौदामें ओरियंटल इन्स्टीटयूटमें उच्च पद पर आसीन हैं तथा आप जैन सिद्धांतके मार्गदर्शक हैं। आपने इस मंत्र शास्त्रकी प्रस्तावना बड़ी विद्वत्तापूर्वक लिख दी है जिसके लिये हम आपका हार्दिक उपकार मानते हैं।

इस ग्रन्थके श्लोकोंको जहांतक हो हमने शुद्ध किये हैं तो भी इसमें अशुद्धियां रह गई हैं ऐसा संभावना लेखकका अभिप्राय है तो भी सभी श्लोकोंका हिन्दी अर्थ तो ठीकर किया गया है।

हमारे ८ वें तीर्थंकर भगवान चन्द्रप्रभुकी कुलदेवी श्री ज्वालामालिनी थी उन्हींके नामसे ही यह मंत्र शास्त्र रचा गया है जो अक्षरशः पढ़ने, मनन करने व साधना करने योग्य है। हां, यह कार्य बडे परिश्रमका है अत. बहुत कम भाई बहिन इसकी साधना कर सकेंगे तो भी यह मंत्र शास्त्र प्रत्येकको स्वाध्याय करनेयोग्य तो है ही।

इस ग्रन्थकी कोपीमें, यन्त्रोंके ब्लोक बनानेमें तथा आज-कलकी छपाई व कागजकी महंगीमें भी हमने इस ग्रन्थको प्रकट करनेका साहस किया है। आशा है इस मंत्र शास्त्रका भी शीघ्र प्रचार हो जायगा।

वीर सं. २४९२, स २०२३ भाद्रपद वदी ५ रविवार ता. ४-९-६६	निवेदक :— मूलचंद किसनदास कापड़िया-सूरत —प्रकाशक

प्रास्ताविक

श्री० सेठ मूलचन्दजी कापडिया सूरतने "भैरव पद्मावती-कल्प" नामक श्री० मल्लिषेणसूरि कृति ग्रंथ वीर संवत् २४७९ में प्रसिद्ध किया था। यह ग्रंथ स्व० श्री० पं० चन्द्रशेखरजी शास्त्री (देहली) कृत भाषा टीका समेत छपा था, और उसका सम्पादन भी उन्होंने किया था।

इस वर्ष श्री कापडियाजी, मुनिराज श्री० इन्द्रनन्दि-विरचित "श्री ज्वालामालिनी कल्प" प्रसिद्धिमें ला रहे हैं। साथमें स्व० प० चन्द्रशेखरजी शास्त्री रचित भाषा टीका और यन्त्रादि, विषयानुक्रम, के अलावा ज्वालामालिनी साधनविधि, ज्वालिनी-स्तोत्र, ब्राह्म्यादि अष्टमातृका पूजा आदि प्रकट कर रहे हैं जिसके लिए आप धन्यवादके पात्र हैं।

इन्द्रनन्दी रचित यह ग्रन्थ श्री मल्लिषेणके "भैरव पद्मावती कल्प" से प्राचीन है। यह ग्रन्थ प्रसिद्ध हो ऐसी मेरी आकांक्षा बहुत समयसे थी क्योंकि जैन मन्त्र-तन्त्र शास्त्रके इतिहासमें इस ग्रन्थका अनोखा स्थान है। उपलब्ध जैन तन्त्र ग्रन्थोंमें, खास करके दिगम्बर जैन तन्त्र ग्रन्थोंमें इससे प्राचीन कोई ग्रन्थ शायद नहीं है।

स्वर्गत रायबहादुर हीरालालजीने A Catalogue of Sanskrit and Prakrit manuscripts in the Central

Provinces and Berar नामक ग्रन्थसूची नागपूरसे ई० स० १९२६ में प्रसिद्ध की थी जिसमें इस ग्रन्थका निर्देश था। अपनी Introduction में उन्होंने श्री इन्द्रनन्दीके बारेमें लिखते हुए लिखा कि—

By this author we have the work Jvalamalini-Kalpa It deals with the cult of propitiating the goddess of fire Jvalamalini The work opens with an account of the circumstances of the origin of the cult Elacharya, a sage and leader of Dravida-gana, lived at Hemagrama in Daksinadesa He had a female pupil named Kamala-Sri. Once she became possessed of a Brahma-Rakshahsa under whose influence she indulged in all sorts of acts and talks decent or indecent xx Elacharya sought the aid of Vahnidevata that dwelt on the top of the Nilagiri hills He inculcated the art which Indra-nandi long after him professes to expose in writing.

जैसा कि इस ग्रंथको पढ़नेसे मालूम होगा, द्रविडगणके नायक श्री हेलाचार्यने अपनी शिष्या कमलश्री जो ब्रह्मराक्षससे ग्रसित थी उसकी ग्रहपीडा मिटानेके लिए वह्नि-देवता (ज्वाला-मालिनी देवी) की साधना की थी। यह साधनविधि परम्परासे इन्द्रनन्दीको प्राप्त हुई जिन्होंने इस ग्रन्थकी रचना की।

रायबहादुर हीरालालजीने इन्द्रनन्दीकी गुरु-परम्परा इस तरह दी है—

द्राविड़-गण
|
इन्द्रदेव
|
इन्द्रनन्दी
|
वासवनन्दी
|
वर्धनन्दी
|
हर्षनन्दी
|
हर्षनन्दी
|
इन्द्रनन्दी (इस ग्रन्थके रचयिता)

श्री कापड़ियाजीने इस ग्रन्थको स्व० पं० चन्द्रशेखरजी शास्त्रीने अपनी भाषा टीका सहित जो प्रति लिखी थी उसके आधार पर छापा है। इसमें ग्रन्थके अंतमें ग्रन्थ कर्ताकी प्रशस्ति नहीं है। इस प्रशस्तिमें ग्रन्थ रचनाका समय आदिकी महत्वपूर्ण हकीकत है जो रायबहादुर हीरालालजीने दी है और जो मैंने जैन-सिद्धांत-भवन, आराकी एक प्रतिमें भी देखी है। दशम परिच्छेदके अन्तके बाद, आरावाली प्रतिमें (पृ० ३७ व से) निम्न-लिखित पाठ है—

द्रविण समय मुख्यो जिनपतिमार्गोचितक्रियापूर्णः।
व्रतसमितिगुप्तिगुप्तो हेलाचार्यो मुनिर्जयतु॥
यावदिह जलधिवसुधाम्बरताराकुलाचला—
स्तावद्-हेलाचार्योक्तार्थं स्थेयाज्ज्वालिनीकल्पः॥

नारीन्द्रादिविबुधमुखवन्द्यकमलनिमुखमुखदेवी ।

निर्मोहत्ववैराग्यविमलजलनिधौ[illegible]पः ॥

××××वाप्यतोऽस्मद्गुरुगुणभूतो योगीन्द्रः—

स्याद्भावोऽशेषनिखिलोदयम्बुजवनदिनकरद् व्यक्तो राजहंस ॥

यद्वृत्तं दुरितारिसैन्यहनने चण्डासिधारायते ।

चित्तं यस्य शरत्सरः सलिलवत्स्वच्छं सदा शीतलम् ॥

कीर्तिः शारदकौमुदीशशिभृतो ज्योत्स्नेव यस्यामला ।

स श्रीबप्पणनन्दि मुनिपतिः शिष्यावलीयो भवेत् ॥

शिष्यस्तस्य महात्मा चतुरनुयोगेषु चतुरमति विभवः ।

श्री वर्षनन्दिगुरुरिति बुधमधुपनिषेवितपदाब्जः ॥

लोके यस्य प्रसादादजनि मुनिजनः सत्पुराणार्थवेदी ।

यस्याशास्तम्भमूर्धन्यतिविमलयशःश्रीवितानो निबद्धः ॥

××××पौराणिककविवृषभाद्योतितास्तत्पुराण—

व्याख्यानाद्–वर्षनन्दि प्रथितगुणस्तस्य किं वर्ण्यतेऽत्र ॥

शिष्यस्तस्येन्द्रनन्दि विमलगुणगणोद्दामधामाभिरामः

प्रज्ञातीक्ष्णास्त्रधाराविदलितबहलाज्ञानवल्ली वितानः ।

जैने सिद्धान्तवार्धौ विमलितहृदयस्तेन सद्ग्रन्थतोऽयं,

हेलाचार्योदितार्थो व्यरचि निरुपमो ज्वालिनीमन्त्रवादः ॥

अष्टाशतैकषष्टिप्रमाणशकवत्सरेष्वतीतेषु ।

श्रीमान्यखेटकटके पर्वण्यक्षयतृतीयायाम् ॥

शतद्वयसहितचतुःशतपरिमाणग्रन्थरचनया युक्तं ।

श्रीकृष्णराजराज्ये समाप्तमेतन्मतं देव्याः ॥

इति हेलाचार्यप्रणीतार्थे श्रीमदिन्द्रनन्दियोगीन्द्रविरचित—

ग्रन्थसंदर्भे ज्वालिनी-मते दशविधाकारपरिच्छेदनं समाप्तम् ॥

श्री रायबहादुर हीरालालजीने श्री ग्रन्थ निर्माणका समय बतानेवाला अन्तिम श्लोक अपने प्रास्ताविक वक्तव्यमें दिया है। इसके अनुसार, श्री हे (ए?) लाचार्यकृत ग्रंथके तात्पर्यानुसार श्रीमद् इन्द्रनन्दि-योगीन्द्रने इस ज्वालिनी-मत संज्ञक ग्रंथकी रचनाकी परिसमाप्ति मान्यखेटमें (वर्तमान मालखेड़-यह राष्ट्रकूट राजाओंकी राजधानी थी-) शक संवत् ८६१ (= ई० स० ९३९) में अक्षय तृतीयाके दिन की गई।

अतः यह ग्रन्थ ईसाकी दसवीं शतीके पूर्वार्द्धका होनेसे प्राचीन है। इस ग्रन्थकी प्राचीन हस्तलिखित प्रतियां लेकर इन सबके पाठको देखकर संशोधित पाठमें इसका पुनः सम्पादन करना आवश्यक है।

श्री कापड़ियाजीका यह प्रकाशन इस ग्रन्थको सर्व प्रथम प्रसिद्धिमें लानेका कार्य करता है। किंतु मुद्रित ग्रन्थमें अशुद्धियां रह गई हैं।

—उमाकांत प्रेमानन्द शाह—बड़ौदा।
ता० १-९-६६

विषय-सूची

प्रथम परिच्छेद (मंत्री लक्षण)

नं.	विषय	पृष्ठ
१	मंगलाचरण	१
२.	ग्रंथ रचनाका कारण (कमलश्री कथा)	३
३.	ग्रंथकी गुरु परंपरा	७
४.	ग्रंथकी अनुक्रमणिका	९
५.	मंत्रीके लक्षण	१०

द्वितीय परिच्छेद दिव्यादिव्य ग्रह

नं.	विषय	पृष्ठ
६.	ग्रहोंके पकड़नेके कारण	१२
७.	ग्रहोंके भेद	,,
८.	कौन ग्रह किसको पकड़ता है	१२
९.	दिव्य पुरुष ग्रहोंके लक्षण	१३
१०.	दिव्य संग्रह और उनके लक्षण	१५
११.	अदिव्य ग्रह	१७

तृतीय परिच्छेद

नं.	विषय	पृष्ठ
१२.	सकलीकरण क्रिया	१९
१३.	ग्रह निग्रह विधान	२७
१४.	बीजाक्षर ज्ञानका महत्व	३६
१५.	पल्लवोंका वर्णन	४०
१६.	साधारण विधि	४४

चतुर्थ परिच्छेद

नं.	विषय	पृष्ठ
१७.	सामान्य मंडल	४६
१८.	सर्वतोभद्र मंडल	५४
१९.	अष्ट दंडकारी देवियां	५७
२०.	षोडश परिहार	५८
२१.	वश मंडलका उपयोग	५९
२२.	अभय मंडल	६१
२३.	वश्य मंडल	६२

पंचम परिच्छेद

नं.	विषय	पृष्ठ
२४.	भूताकंपन तेल	६५

षष्ठम परिच्छेद

नं.	विषय	पृष्ठ
२५.	सर्वरक्षा यंत्र	७१
२६.	ग्रहरक्षक पुत्रदायक यंत्र	७२
२७.	वश्य यंत्र (१)	७३
२८.	मोहन वश्य यंत्र (२)	७४
२९.	स्त्री आकर्षण यंत्र	७५
३०.	दिव्यगति सेना जिह्वा और क्रोध स्तंभन यंत्र	७७
३१.	स्तंभन यंत्र	७८
३२.	जिह्वा स्तंभन यंत्र	७९
३३.	गति जिह्वा व क्रोध स्तंभन यंत्र	८०
३४.	पुरुष वश्य यंत्र	८०
३५.	स्त्री वश्य यंत्र	८२
३६.	शाकिनी भय हरण यंत्र	८३
३७.	घट यंत्र	८४
३८.	सर्प विषहरण यंत्र	८६
३९.	आकर्षण यंत्र	८७
४०.	परमदेव ग्रह यंत्र	८९
४१.	वश्य हवन	,,

नं.	विषय	पृष्ठ
	सप्तम परिच्छेद	
४२.	सर्व वशीकरणतिलक(१)	९१
४३.	लोक वशीकरणतिलक(२)	,,
४४.	सर्व वशीकरणतिलक(४)	९२
४५	सर्व वशीकरणतिलक(४)	,,
४६.	मुख सुखांकी हर तिलक	९३
४७.	सर्व वशीकरणअंजन(२)	,,
४८.	सुखदायक अंजन (१)	९६
४९	सर्वसुखदायकअंजन(२)	,,
५०.	सुखदायक अंजन (३)	,,
५१.	सर्ववशीकरण अंजन(३)	९७
५२.	वश्य प्रयोग (१)	,,
५३	वश्य नमक	९८
५४.	वश्य तेल (१)	,,
५५.	वश्य तेल (२)	९९
५६.	वश्य तेल (३)	१००
५७	वश्य प्रयोग (२)	१०१
५८.	कामबाण चूर्ण	,,
५९.	दशरारिक चूर्ण	१०२
६०	योनि शोधन लेप	१०३
६१.	संतानदायक औषधि	,,
	अष्टम परिच्छेद	
६२	वसुधारा स्नानके स्नानकी विधि	१०५
६३.	सिद्धमिट्टीकी परिभाषा	१०८
६४.	ब्राह्मणपूजन विधि	१०९
६५.	वसुधारा यंत्र	१११
६६.	नवग्रह यंत्र	११२
६७.	मुख्य स्नान	११३
	नवम परिच्छेद	
६८.	वीरासन विधि	११५
	दशम परिच्छेद	
६९.	शिष्यको विद्या देनेकी विधि	१२२
७०.	ज्वालामालिनी साधन विधि	१३०
७१	ज्वालामालिनी स्तोत्र	,,
७२.	ज्वालामालिनी अन्य साधन विधि १	१३७
७३	ज्वालामालिनी दूसरी साधन विधि १	१४१
७४	ब्रह्मी आदि अष्ट देवियोंकी पूजा	१४४
७५.	जप व हवन विधि	१४५
७६.	शिष्यको विद्या देनेकी विधि	१५१
७७	ज्वालामालिनी माला यंत्र	१५२
७८	ज्वालामालिनी वश्य मंत्र व यंत्र	१५५
७९	चन्द्रप्रभु स्तवन	१५६
८०	चंद्रप्रभु मंत्र व विधि	१५९

श्री ज्वालामालिनी देवी (दक्षिणकी एक धातुकी मूर्ति)

श्री ज्वालामालिनी कल्प ग्रन्थकी श्री चंद्रप्रभुकी अधिष्ठात्रीदेवी

(सेठ माणेकचन्द मलुकचन्द दोशी वकील फलटनसे प्राप्त)

श्री पंचगुरुभ्यो नमः । श्री चंद्रप्रभाय नमः ।

मुनिराज श्री इन्द्रनन्दि विरचित—

श्री ज्वालामालिनी कल्प

भाषाटीका और मंत्र तंत्र सहित

प्रथम परिच्छेद

॥ मंगलाचरण ॥

चंद्रप्रभजिननाथं, चंद्रप्रभमिन्द्रनंदिमहिमानं ।
ज्वालामालिन्यर्चित, चरणसरोजद्वयं वद ॥ १ ॥

अर्थ—जिनकी महिमा इन्द्रनन्दिको भी प्रसन्न करनेवाली है, जिनके चरणकमल ज्वालामालिनी नामकी देवीसे पूजे

जाते हैं ऐसे चंद्रमाके समान प्रभावाले भगवान चंद्रप्रभको मैं नमस्कार करता हूं ॥ १ ॥

कुमुददलधवल गात्रा, महिषमहावाहिनोज्वलाभरणा।
मां पातु वह्नि देवी, ज्वालामाला करालांगी ॥ २ ॥

अर्थ—कुमुदके दलके समान श्वेत शरीरवाली, महिषकी सवारी तथा उज्वल आभूषणवाली, अग्निके समान भयंकर अंग-वाली ज्वालामालिनी मेरी रक्षा करे ॥ २ ॥

जयताद्देवी ज्वालामालिन्युद्यत्त्रिशूलपाश ऊषा।
कोदंडकांड फलवरद, चक्रचिह्नोज्वलाष्टभुजा ॥ ३ ॥

अर्थ—उठे हुए त्रिशूल, पाश, मछली, धनुष, मडल फल वरद (अग्नि) और चक्रके चिह्नसे उज्वल अष्ट भुजावाली ज्वालामालिनी देवी जयवन्त हो ॥ ३ ॥

अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायान्, सकलसाधुमुनिमुख्यान्।
प्रणिपत्य मुहुर्मुहुरपिवक्ष्येऽहं, ज्वालिनीकल्पम् ॥ ४ ॥

अर्थ—मैं अर्हंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय, सर्व साधुओं और मुख्य मुनियोंको वारम्वार नमस्कार करके ज्वालामालिनी कल्पको कहूंगा ॥ ४ ॥

दक्षिण देशे मलय हेम ग्रामे, मुनिर्ममहात्मासीत्।
हेलाचार्यो नाम्ना द्रविडगणाधीश्वरो धीमान् ॥ ५ ॥

ग्रन्थ रचनाका कारण—

कमलश्रीकी कथा

अर्थ—दक्षिण देशके मलय हेम नामके ग्राममें द्रविड गणके अधीश्वर हेलाचार्य नामके बुद्धिमान महात्मा मुनि थे ॥५॥

तच्छिष्या कमलश्री श्रुतदेवी वा समस्त शास्त्रज्ञा।
सा ब्रह्मराक्षसेन ग्रहीता, रौद्रेण कर्मवशात् ॥ ६ ॥

अर्थ—उनकी एक समस्त शास्त्रोंको जाननेवाली दूसरी श्रुतदेवीके समान कमलश्री नामकी शिष्याको भाग्यवश रौद्र ब्रह्मराक्षसने पकड लिया ॥ ६ ॥

रोदिति हाहाकारैः स्फुटाट्ट हासं तनोति संध्यायां।
जपति पठत्यथ वेदान्, हसति पुन कह कह ध्वनिना ॥७॥

अर्थ—अब वह कभी तो हाहाकार करके रोती, कभी सायंकालके समय अट्टहास कर करके हंसती, कभी जप करती, कभी वेदोंको पढ़ती और कभी कहकहा लगाकर हंसती ॥ ७ ॥

को सा वास्ते मंत्री, यो मोचयति स्वमंत्रशक्त्या मां।
वक्तीति सावलेपं, सविकारं जृंमणं कुरुते ॥ ८ ॥

अर्थ—वह कभी२ कष्टसे कहती, कि ऐसा कौन मंत्र-

शास्त्री है, जो मुझे अपने मंत्रकी शक्तिसे छुड़ावे और फिर विकारसे जंभाई लेने लगती ॥ ८ ॥

दृष्ट्वा तामिति दुष्टग्रहेण, परिपीडितां मुनीन्द्रोऽसौ ।
व्याकुलितोऽभूतत्प्रविधानकर्तव्यतामूढः ॥ ९ ॥

अर्थ—वह मुनिराज हेलाचार्य उसको इस प्रकार दुष्ट ग्रहसे पीड़ित देखकर किंकर्तव्य विमूढ होकर बड़े दुःखी हुए ॥ ९ ॥

तद्ग्रहविमोक्षणार्थं, तद्ग्रहसमीपनीलगिरिशिखरे ।
विधिनैव वह्नि देवांस, साधयामास मुनिमुख्य ॥ १० ॥

अर्थ—इसके पश्चात् उन महामुनिने उस ग्रहको छुड़ानेके वास्ते उसके घरके समीप नीलगिरि पर्वतके शिखर पर विधिपूर्वक वह्निदेवी (ज्वालामालिनि) को सिद्ध किया ॥१०॥

दिन सप्तकेन देव्या, प्रत्यक्षीभूतया पुर स्थितया ।
मुनिरुक्त· कि कार्यं, तवार्य्य वद मुनिरुवाचेत्थं ॥ ११ ॥

अर्थ—सात दिनके पश्चात् देवीने प्रत्यक्षरूपसे सामने आकर उस मुनिसे कहा—हे आर्य ! आपका क्या कार्य है ? मुझे बतलाईये ॥ ११ ॥

मुनिने इस प्रकार कहा—

कामार्थार्थ ऐहिकफलसिद्धार्थं, देविनोपरुद्धासि ।
किन्तु मया कमलश्रीग्रहमोक्षायोपरुद्धासि ॥ १२ ॥

अर्थ—हे देवि ! मैंने आपको काम अर्थ आदि लौकिक फलोंकी सिद्धिके वास्ते नहीं बुलाया है किन्तु कमलश्रीको ग्रहसे छुडानेके लिये बुलाया है ॥ १२ ॥

तस्मात्तद् ग्रहे मोक्षं, कुरु देव्येतावदेव मम कार्यं ।
तद्वचनं श्रुत्वासा बभाण, तदिदं कियन्मात्रं ॥ १३ ॥

अर्थ—इस वास्ते हे देवि ! आप उस ग्रहको छुड़ाकर मेरा इतना कार्य कर दीजिए। उसके वचन सुनकर वह बोली—यदि यही है तो यह कितना काम है ? ॥ १३ ॥

मा मनसि कृथाः खेदं, मंत्रेणानेन मोक्षयेत्युक्त्वा ।
मृदुतरमायस पत्रं विलिखितमंत्रं ददौ तस्मै ॥ १४ ॥

अर्थ—मनमें खेद मत करो, इस मन्त्रसे छुडालो, यह कहकर उसने कोमल लोह पत्र पर लिखा हुवा मंत्र उस मुनिको दे दिया।

तन्मन्त्रविधिमजानन् , पुनरपि मुनियो बभाणतां देवीं ।
माऽस्मिन्वेद्मिन किमप्य, हमतो वितृत्ये तदपि देहि ॥ १५ ॥
अर्थ—उस मंत्रकी विधिको न जानते हुए उन मुनि-

राजने फिर उस देवीसे कहा—"मैं इसकी विधिको नहीं जानता हूं" अतएव आप मुझको इसकी पूर्ण विधिको कहें ।

तस्मै तया ततस्तदुव्याख्यातं, सोपदेशमथ तत्वं ।
पुनरपि तद्भक्तिवशाद्दामि तत्सिद्ध विद्येत्थं ॥ १६ ॥

अर्थ—तब उस देवीने उपदेश सहित उस तत्वको मुनिको बतलाया और कहा—"उस सिद्ध विद्याको मैं तुम्हारी भक्तिके वशसे फिर भी देती हूं।"

साधनविधिना यस्मै, त्वं दास्यसि होमजपविहीनोऽपि ।
भविता ससिद्ध विद्या, नोदास्यसि यस्यमोऽत्र पुनः ॥१७॥

अर्थ—तुम हवन तथा जपसे रहित हो जानेपर भी साधन विधिसे जिसको भी दोगे यह विद्या उसको ही सिद्ध हो जावेगी और जिसे न दोगे उसको सिद्ध न होगी ॥ १७ ॥

उद्यान वने रम्ये जिन भवने, निम्नगा तटे पुलिने ।
गिरिशिखरेऽन्य स्मिन्वा स्थित्वा, निर्जन्तुके देशे ॥ १८ ॥

अर्थ—उद्यान, सुन्दर बन, जैन मंदिर, नदीका किनारा, या पासका प्रदेश, पर्वतके शिखर पर अथवा किसी अन्य एकांत स्थानमे स्थित होकर ॥ १८ ॥

प्रजाप्य नियतं तथा युतं हुत्वा प्रकरोतु ।
प्रकरोतु पूर्वसेवां प्रणिगद्यैवं स्वधामगता ॥ १९ ॥

अर्थ—*जप करना चाहिये। और दश सहस्र (अयुत) हवन करके अपने कार्यको पूर्ण करना चाहिये। ऐसा कहकर वह देवी अपने स्थानको चली गई ॥ १९ ॥

तत्र स्थित एवं ततस्तमसौ दंदह्यमानमाध्याय।
दहनाक्षरैरुदन्तं दुष्टं निर्घाटयामास ॥ २० ॥

अर्थ—तब उस मुनिने वहां बैठे-बैठे ही उस पीडा देनेवाले तथा दहन करनेवाले अक्षरोंके वेगसे रोनेवाले दुष्ट ब्रह्मराक्षसको दूर कर दिया ॥ २० ॥

निर्घाटितो ग्रहश्चेद्यात्वेकं, भूवदहन ररररर बीजं।
शेष दश निग्रहाणां किमस्त्य, माघ्यो ग्रहः कोऽपि ॥

अर्थ—जब जलानेवाले प्रबल बीजाक्षरोंसे एक ऐसा ग्रह दूर हो गया तो फिर शेष दश ग्रहोंमेंसे किस ग्रहको दूर करना कठिन हो सकता है ? अर्थात् सभी दूर किये जा सकते है ॥२१॥

ग्रंथकी गुरु परम्परा

देव्यादेशाच्छास्त्रं तत्पुनर्ज्वालिनीमतंततश्चेदं।
तच्छिष्यो गाङ्गमुनिर्नीलग्रीवो बिजाब्जसंज्ञ्यो ॥ २२ ॥

---

*हवन दशांश होता है। जब दश हजार हवन है, तो जप एक लाख करना चाहिये।

अर्थ—उसके पश्चात् ज्वालामालिनीदेवीके मतका यह शास्त्र देवीकी आज्ञासे उस मुनिराजके शिष्य गांग मुनि नील ग्रीव और विजाब्ज ॥ २२ ॥

भार्याक्षान्तर सब्बा विरुवट्टः क्षुल्लक स्तथेत्यनया ।
गुरु परिपाट्या विच्चेन्नसम्प्रदायेन वागच्छत् ॥ २३ ॥

अर्थ—भार्याक्षान्तर सब्ब तथा विरुवट्ट नामके क्षुल्लकके पास इस प्रकार गुरु परिपाटीसे नष्ट न होकर सम्प्रदायसे आया ॥ २३ ॥

कंदर्प्पेण ज्ञातं तेनापि स्वसुत निर्विशेषाय ।
गुणनंदि श्री मुनये व्याख्यातं सोपदेशं तत् ॥ २४ ॥

अर्थ—इसके पश्चात् इसका ज्ञान कंदर्प नामके मुनिको हुआ और उन्होंने इसका व्याख्यान उपदेश सहित अपने शिष्य गुणनंदिके सामने किया ॥ २४ ॥

पार्श्वे तयोर्द्वयोरपि तच्छास्त्रं ग्रंथतोऽर्थतश्चापि ।
मुनिनेन्द्रनन्दिनाम्नाय सम्यगीडितं विशेषेण ॥ २५ ॥

अर्थ—उन दोनोंके पास इंद्र नंदि नामके मुनिने उस शास्त्रको ग्रंथरूपसे तथा अर्थरूपसे भली प्रकार पढ़कर विशेष रूपसे कहा ॥२५॥

क्लिष्टं ग्रंथं प्राक्तन शास्त्रं तदेति स्वचेतसि निधाय ।
तेनेन्द्रनंदिमुनिना ललितार्या वृतगीताद्यैः ॥ २६ ॥

अर्थ—प्राचीन शास्त्र बडा क्लिष्ट ग्रंथ है । अपने मनमें यह सोचकर उस इंद्रनंदि मुनिने सुन्दर आर्या गीति आदि छन्दोंसे ॥ २६ ॥

हेलाचार्योक्तार्थं ग्रंथपरावर्तनेन रचितमिदं ।
सकलजगदेकविस्मयजगतिजनहितकरं शृणुत ॥ २७ ॥

अर्थ—हेलाचार्यकी प्रशंमाके वास्ते संपूर्ण जगतको आश्चर्य करनेवाला तथा संसारके प्राणियोंका हित करनेवाला. यह शास्त्र उस प्राचीन शास्त्रके बदलेमें बनाया इसे सुनो ।

ग्रन्थकी अनुक्रमणिका

मंत्रिग्रहसन्मुद्रा मण्डलकटुतैलजंत्रवश्यसुतंत्रं ।
स्नपनविधिर्नीराजनविधिरथ साधनविधि श्चेति ॥ २८ ॥

अर्थ—मंत्री ग्रह, बीजाक्षर विधान, मंडल, कम्पन तैल, वश्ययंत्र, वश्यतंत्र, वसुधारा स्नान विधि, नीराजन विधि, और साधन विधि ।

अधिकारादेषां दश, चिदात्मनां स्वरूपनिर्देशं ।
वक्ष्येहं संक्षेपात्प्रकटं, देव्या यथोद्दिष्टं ॥ २९ ॥

अर्थ—इन दश अधिकारोंसे मैं संक्षेपमें देवीके कथनानु-
-सार इस ग्रंथका वर्णन करूंगा ॥ २९ ॥

मन्त्रीके लक्षण

मौनीर्नियमित चित्तो मेधावि बीजदारण समर्थ ।
मायामदनमदोनः सिध्यति मंत्रिर्नसंदेहः ॥ ३० ॥

अर्थ—मौनसे रहनेवाला, चित्तको नियममे रखनेवाला, बुद्धिमान, बीजाक्षरोंको अलग करनेमें समर्थ माया कामदेव तथा मदसे रहित मंत्रवाला पुरुष निस्संदेह सिद्धिको प्राप्त कर लेता है ।

सम्यग्दर्शनशुद्धो देव्यर्चनतत्पुरो व्रतसमेत ।
मंत्रजपहोमनिरतो नालस्यो जायते मंत्री ॥ ३१ ॥

अर्थ—जो शुद्ध सम्यग्दृष्टी देवीको पूजनेवाला व्रती मन्त्र जप तथा हवनको करनेवाला तथा आलस्य रहित हो वह मंत्री 'मंत्रवाला' होता है ॥ ३१ ॥

देवगुरुसमय भक्तः सविकल्पः सत्यवाक् विदग्धश्च ।
वाक्पटुरपगतशुक्रः शुचिरौद्रमना भवेन्मंत्री ॥ ३२ ॥

अर्थ—देव शास्त्र तथा गुरुका भक्त सावधान सत्यवादी बुद्धिमान् बोलनेमें चतुर ब्रह्मचारी पवित्र तथा रौद्र मनवाला मंत्री होता है ।

देव्याः पदयुगभक्तो हेलाचार्यक्रमाब्जभक्तियुतः ।
स्वगुरूपदिष्टमार्गेण वर्तते यः स मंत्री स्यात् ॥ ३३ ॥

अर्थ—जो देवीके चरणकमलका भक्त हो, हेलाचार्यके चरण कमलमें भक्ति रखता हो और अपने गुरुके बतलाये हुए मार्ग पर चलनेवाला हो, वह मंत्री होता है ॥ ३३ ॥

विद्यागुरुभक्तियुते तुष्टिं पुष्टिं ददाति खलु देवी ।
विद्यागुरुभक्तिवियुक्ते चेतसि द्वेष्टि सुतरां सा ॥ ३४ ॥

अर्थ—देवी विद्या तथा गुरुमें भक्ति रखनेवाले पुरुषको तुष्टि और पुष्टि दोनो ही देती है, तथा विद्या और गुरुमें भक्ति न रखनेवालोंसे चित्तमें स्वभावसे अत्यन्त द्वेष करती है ॥३४॥

सम्यग्दर्शनदूरो वाक्कुटश्छांदसो भयसमेतः ।
शून्यहृदयश्च लज्जः शास्त्रेऽस्मिन् नो भवेन्मंत्री ॥ ३५ ॥

अर्थ—जो सम्यग्दर्शनसे रहित हो, अशुद्ध वाणीवाला हो, वेद पाठी हो, भय करनेवाला हो, शून्य हृदय हो, और लज्जा करता हो, वह इस शास्त्रमें मन्त्री नहीं हो सकता ॥ ३५ ॥

इति हेलाचार्य प्रणीत अर्थमें श्रीमान् इन्द्रनन्दि मुनि विरचित
ग्रन्थ ज्वालामालिनी कल्पकी आचार्य चन्द्रशेखर
शास्त्री कृत भाषा टीकामें मन्त्री लक्षणवाला
पहला परिच्छेद समाप्त हुआ ॥ १ ॥

द्वितीय परिच्छेद

ग्रहोंके पकड़नेके कारण

अतिहृष्टमति विषणं भवांतरस्नेहवैरसम्बधं ।
भीतं चान्यमनस्कं गृहाः प्रगृह्णंति भुवि मनुजं ॥१

अर्थ—अत्यन्त प्रसन्न मनवाले, दुःखी मनवाले, अथवा अन्य मनस्क और डरपोक पुरुषको पूर्व जन्मके प्रेम अथवा वैरके सम्बन्धसे ग्रह पकड़ लेते है ॥ १ ॥

रतिकामा वलिकामा निहन्तुकामा ग्रहाः प्रग्रहणन्ति ।
वैरेण हन्तु कामा गृहणान्त्यवशेषकारणैः शेषाः ॥ २ ॥

अर्थ—कोई ग्रह रतिकी इच्छासे, कोई बलिकी इच्छासे, कोई मारनेके लिये, कोई वैरके कारणसे घातके लिये, तथा शेष ग्रह अन्य कारणोंसे, पुरुषको पकडते है ॥ २ ॥

ग्रहोंके भेद

तेऽपि ग्रहा द्विधास्यु र्दिव्यादिव्यग्रहप्रिभेदेन ।
दिव्याश्चापि द्विधा पुरुषस्त्रीग्रहविभेदेन ॥

अर्थ—वह ग्रह दो प्रकारके होते हैं—दिव्य और अद्विव्य, उनमेंसे दिव्य ग्रहोंके भी दो भेद होते हैं—पुरुष ग्रह तथा स्त्री ग्रह ॥

कौन ग्रह किसको पकडता है?

पुरुषग्रहोथ पुरुषं स्त्रियं तथा स्त्री ग्रहो न गृह्णाति ।
पुरुष ग्रहस्तु वनितां गृह्णाति स्त्रीगृहः पुरुषं ॥ ४ ॥

अर्थ—साधारणतः पुरुष ग्रह पुरुषको और स्त्री ग्रह स्त्रीको ग्रहण नहीं करते, किंतु पुरुष ग्रह स्त्रीको और स्त्री ग्रह पुरुषको ही ग्रहण करते हैं ॥ ४ ॥

रतिकामेग्रहनियमः प्रोक्तोऽयं नेतरत्र नियमोऽस्ति ।
पुरुषगृहोऽपि पुरुषं गृह्णाति स्त्रीगृहोपि वनितानां ॥ ५॥

अर्थ—यह नियम ग्रहोंके रतिकी कामनामे पकड़नेसे है। अन्यत्र नहीं है, क्योंकि अन्य इच्छाओंमे पुरुषग्रह पुरुषको और स्त्री ग्रह स्त्रीको भी ग्रहण करते हैं ॥ ५ ॥

दिव्य पुरुष ग्रहोंके लक्षण

देवो नागो यक्षो गंधर्वो ब्रह्म राक्षसश्चैव ।
भूतो व्यंतर नामेति सप्त पुरुष ग्रहास्तेस्युः ॥ ६ ॥

अर्थ—देव, नाग, यक्ष, गंधर्व, ब्रह्म, राक्षस, भूत, और व्यंतर, यह सात पुरुष ग्रह होते हैं ॥ ६ ॥

देवः सर्वत्रशुचिर्नागः शेते भनक्ति सर्वांगं ।
क्षीरं पिबति च नित्यं यक्षो रोदिति हसति बहुधा ॥७॥

अर्थ—देव सदा पवित्र रहता है, नाग सोता है, सब अंगको तोड डालता है और नित्य दूध पीता है। यक्ष बहुत प्रकारसे रोता है और हमता है ॥ ७ ॥

गंधर्वो गायति सुस्वरेण सुब्रह्म राक्षसः संध्यायां।
जयति च वेढान् पठति स्त्रीष्वनुरक्तः सगर्वश्च ॥ ८ ॥

अर्थ—गंधर्व अच्छे स्वरसे गाता है, ब्रह्म राक्षस संध्याके समय जप करता है, वेदोंको पढता है, स्त्रियोमे अनुरक्त रहता है, और बडा घमंडी होता है ॥ ८ ॥

नेत्रे विस्फारयति स्वंशगति जृंभति मनोति हस्ति च भूतः।
मूर्च्छति रोदिति धावति बहुभोजी व्यंतर स्तथा भुवि पतति ॥९॥

अर्थ—भूत आंख फाड२ कर देखता है, शिथिल गतिसे जभाई लेता है, मिन२ करके बोलता है, और हॅसता है। व्यंतर मूर्छित होता है, रोता है, दौडता है, बहुत भोजन करता है, और जमीन पर गिर२ पड़ता है ॥ ९ ॥

दिव्यपुरुषगृहाणां लक्ष्मणमेव मया समुद्दिष्टं।
दिव्यस्त्रीग्रहलक्षणमधुना व्यावर्ण्यते शृणुत ॥ १० ॥

अर्थ—इस प्रकार दिव्य पुरुष ग्रहोंका लक्षण कहा गया, अब दिव्य स्त्री ग्रहोंका लक्षण कहा जाता है ॥ १० ॥

दिव्य स्त्री ग्रह और उनके लक्षण

काली तथा कराली कंकाली काल राक्षसी जंघी ।
प्रेताशिनी च यक्षी वैताली क्षेत्रवासिनी चेति ॥११॥

अर्थ—काली, कराली, कंकाली, कालराक्षसी, जंघी, प्रेताशिनी, यक्षी, वैताली, और क्षेत्रवासिनी, यह नौ स्त्री ग्रह हैं ।

कृष्णं भवेच्छरीरं हृत्करलोचनानि दह्यंते ।
काल्यामपि देहस्य करालिकार्तो न भुन्क्तेऽन्नं ॥ १२॥

अर्थ—कालीसे पकड़े हुयेका शरीर कृष्ण हो जाता है । और हथेली हृदय तथा नेत्रोमें जलन मालूम होती है । करालीसे पीडित अन्न नही खाता ॥ १२ ॥

मुखमापांडुरमंगं कृशंचकं कालिका गृहीतस्यभ्रमति ।
निशि वदति कौलिकमथाट्टहासं करोति राक्षस्यार्तः ॥१३॥

अर्थ—कंकालीसे पकड़े हुएका मुख तथा अंग पीला पड़ जाता है । राक्षसीसे पीड़ित हुआ रात्रिमे घूमता है, ऊंचीर बातें करता और अट्टहास करके हंसता है ॥ १३ ॥

जंघी ग्रहीत मनुजो मूर्च्छति रोदिति कृशं शरीरं स्यात् ।
प्रेताशिनी ग्रहीतश्चकितो वा भी करध्वनिना ॥ १४ ॥

अर्थ—जंघीसे ग्रहण किया हुआ मनुष्य मूर्च्छित होता है, रोता है, और उसका शरीर कृश हो जाता है, प्रेताशिनीसे ग्रहण किया हुआ भय करनेवाली ध्वनिसे शब्द करता हुआ चकित हो जाता है।

उतिष्ठति दष्टोष्टः स एव वीर ग्रहो बुधै प्रोक्तः ।
मासद्वि तयात्परतस्तस्य चिकित्सा न लोकेऽस्ति ॥ १५ ॥

अर्थ—ऐसा व्यक्ति होठ चबा२ कर उठता है। पंडितोंने इसीको वीर ग्रह कहा है। इसकी चिकित्सा दो माससे आगे संसारभरमे नहीं हो सकती ॥ १५ ॥

भोक्तुं न ददाति न च प्रियांगना संगमं तथा कर्तुं ।
स्वयमेव प्रच्छन्नं जीवति सहते न वट यक्षी ॥ १६ ॥

अर्थ—वट यक्षीसे पीडित पुरुष न खाता है। और न अपनी प्रिय स्त्रीका ही संग करता है। यक्षी गुप्त रूपसे उसके साथ रहती है ॥ १६ ॥

शुष्यति मुखं कृशं स्याद्गात्रं वैतालिका ग्रही तस्य ।
तत्क्षेत्रवासिनी पीडितो नरो नर्ति हा हसति ॥ १७ ॥

अर्थ—वैतालिकासे पकड़ हुएका मुख सूख जाता है और शरीर कृश हो जाता है। क्षेत्रवासिनीसे पीड़ित पुरुष नाचता है और हा हा करके हंसता है ॥ १७ ॥

विद्युन्निभमावेशं गृह्णाति च वदति कौलिकी भाषां।
धावति वेगे नेति स्त्रीग्रहमल्लक्षणं प्रोक्तं ॥ १८ ॥

अर्थ—ऐसा व्यक्ति बिजलीके समान आवेशको ग्रहण करता है। ऊँची ऊँची बातें करता है और वेगसे दौड़ता है। यह दिव्य स्त्री ग्रहोंका लक्षण कहा गया ॥ १८ ॥

मिथ्याग्रहस्तथान्ये विद्यन्ते तानपि विद्वान्सः।
सत्य ग्रहान् प्रकुर्वन्ति शेमुषी वैभवबलेन ॥ १९ ॥

अर्थ—विद्वान् लोग बुद्धिके बलसे मिथ्या ग्रहों (अदिव्य ग्रहों) को सत्य ग्रह (दिव्य ग्रह) कर देते हैं ॥ १९ ॥

अ क ख ग घ जैश्च उततपैय श र ष ल स ल
क्ष व हर लैश्चान्योन्य।
परिवर्तितै रल युतै र्निर्दिष्टं भूत देव कौलिक मे तत् ॥२०॥

अर्थ—इन ग्रहोंका निवारण अ, क, ख, ग, घ, ज, उ, त, त, प, य, श, र, ष, ल, क्ष, व, ह, र और ल, से एक दूसरेको अ और ल से युक्त करके भूत और देवोंका कोलन होता है ॥ २० ॥

अदिव्य ग्रह

दंष्ट्राभृत्कुलनामादनु ग्रहाः शाखिलश्च शङ्खनागः।
ग्रीवा भंगोच्चलितौ षड पस्मार ग्रहाः प्रोक्ताः ॥ २१ ॥

अर्थ—दंष्ट्रा, मृङ्गल, दनु, शाखिल, शशनाग, ग्रीवाभंग, और उच्चलित यह छह अपस्मार ग्रह या अदिव्य ग्रह कहे गये हैं ॥ २१ ॥

ये ते ग्रहा अदिव्या मुंचति न जीवितं विना पुण्यात् ।
साध्यास्तंत्रेप्येषां मंत्रं ध्याने पुनर्न्यस्तः ॥ २२ ॥

अर्थ—यह अदिव्य ग्रह विना विशेष पुण्यके जीता नहीं छोड़ते, मंत्र शास्त्रसे इनका निवारण सीखकर कष्ट दूर करना चाहिये ।

इतिश्री हेलाचार्य प्रणीत अर्थमे श्रीमान् इन्द्रनन्दि मुनि विरचित
ग्रन्थ ज्वालामालिनी कल्पकी काव्य साहित्य तीर्थाचार्य
प्राच्य विद्यावारिधि श्री चन्द्रशेखर शास्त्री कृत
भाषाटीकामें दिव्यादिव्य ग्रहाधिकार नामक
द्वितीय परिच्छेद समाप्तम् ॥ २ ॥

तृतीय परिच्छेद

सकलीकरण क्रिया

सकलीकरणेन विना मन्त्री स्तंभादिनिग्रहविधाने ।
असमर्थस्तेनादौ सकलीकरणं प्रवक्ष्यामि ॥ १ ॥

अर्थ—मन्त्री पुरुष स्तंभन आदि निग्रहके विधानमें सकलीकरण क्रियाके विना सफल नहीं हो सकता । अतएव आदिमें मैं सकलीकरण क्रियाको कहूंगा ॥ १ ॥

उभयकरांगुलिपर्व्वसु वं मं हं सं तथैव तं बीजं ।
बिन्यस्य तेन पश्चात्कुर्यात्सर्वांगसंशुद्धि ॥ २ ॥

अर्थ—दोनो हाथोंकी उंगलियोंके जोडोंमें वं, मं, हं, सं और तं, बीजाक्षरोंको रखकर फिर सब अंगोंकी शुद्धि करे ॥ २ ॥

वामकरांगुलिपर्व्वसु रां, रीं, रूं, रौं, रः, न्यसेच्च रं बीजं ।
ह्रां ह्रीं ह्रं ह्रौं ह्रः पुन रेतान्यपि विन्यसेत्तद्वत् ॥ ३ ॥

अर्थ—बाएं हाथकी उंगलियोंके जोडोंमें रा, रीं रूं, रौं और रः बीजको रखकर फिर उसी प्रकार ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं और ह्रः बीजोंको रक्खे ॥ ३ ॥

वामादीन्येतान्येव देवि पादौ च जघनमुदरं वदनं ।
शीर्षं रक्ष युगं स्वाहां तान्यात्मांग पचकं विन्यस्य ॥ ४ ॥

अर्थ—इन्हींको वामांगसे आरंभ करके दोनों पग (पैर) जघन उदर (पेट) वदन (मुख) और शीर्ष (शिर) में लगाकर "रक्ष" और "स्वाहा" लगावे जो इस प्रकार है—

ॐ वं रां ह्रीं ज्वालामालिनि मम पादौ रक्ष२ स्वाहा ।
ॐ मं रीं ह्रीं ज्वालामालिनि मम जघनं रक्ष२ स्वाहा ।
ॐ हं रूं ह्रूं ज्वालामालिनि मम उदरं रक्ष२ स्वाहा ।
ॐ सं रौं ह्रौं ज्वालामालिनि मम वदनं रक्ष२ स्वाहा ।
ॐ तं रः ह्रः ज्वालामालिनि मम शीर्षं रक्ष२ स्वाहा ।

आपादमस्तकान्तं ध्यायेजाज्वल्यमानमात्मानं ।
भूतोरगशाकिन्यो भित्वा नश्यंति दुष्टमृगाः ॥ ५ ॥

अर्थ—अपनेको चरणसे मस्तक तक अत्यंत प्रज्वलित ध्यान करे इस प्रकार भूत सर्प शाकिनी और दुष्ट पशु दूर होकर नष्ट हो जाते हैं ।

क्षां क्षीं क्षूं क्षें क्षैं क्षों क्षौं क्षं क्षः प्राच्यादि दिक्षु विन्यसेत् ।
मूलादापर्यंता दिशाबंधं करोतीदं ॥ ६ ॥

अर्थ—फिर मूलसे चारों ओर पूर्वादि दिशाओंमें क्षां क्षीं क्षूं क्षैं क्षौं क्ष और क्षः को रख दिशाबंध करे ॥ ६ ॥

आत्मानमभिसमन्ताच्चतुरस्रं वज्रपञ्जरमखण्डं।
ध्यायेत्पीतं धीमानभेद्यमन्यैरिदं दुर्गं ॥ ७ ॥

अर्थ—फिर वह बुद्धिमान् अपने चारों ओर चौकोर वज्रमय अखण्ड पिंजरेके समान दूसरोंसे अभेद्य पीत वर्णके दुर्गका ध्यान करे ॥ ७ ॥

मंत्रजपहोमकाले नोपद्रवति सुमंत्रिणं कश्चित्।
दुष्टग्रहो जिघांसुर्नलंघते दुर्गमध्यगतं ॥ ८ ॥

अर्थ—इस दुर्गके बीचमें बैठे हुए मंत्रीके पास मंत्र जप तथा होमके समयमें कोई भी दुष्ट ग्रह और मारनेकी इच्छा करनेवाला लांघकर नही आ सकता ॥ ८ ॥

भूतिषु सप्तभिषु त्रिभू, कोष्टा सर्व दिग्मुखा।
लेख्या विधान वत्न्येक, चत्वारिंशत्पद प्रमाः ॥ ९ ॥

अर्थ—सातों प्रकारके भयोंसे पृथ्वीकी रक्षा करनेवाले उस वज्रमय पिंजरेमे सब दिशाओंकी पृथ्वी पर तीन कोठे बनावे। और उनमें विधिपूर्वक इकतालीस पद लिखे ॥ ९ ॥

अब उन पदोंका विस्तार बतलाया जाता है।

नव तत्वान्येकैकं नवपदविंध्योर्लिखेद्विधिक्रमशः।
त्रत्कोण त्रिपद चतुष्कैः द्वादश पिंडान् प्रदक्षणतः ॥१०॥

अर्थ—नव तत्वोंमेंसे एक२ को लिखे, वह यह हैं—

द्रां, द्रीं, क्लीं. ब्लूं, सः, हां, आं, क्रों, क्षीं ।

फिर क्रमसे विंध्यके नौ पदोंको लिखे—

उसके पश्चात् तीसरे कोठेमे तीन गुण चार अर्थात् बारह पिंडोको लिखें जो यह है—"क्ष्ल्व्यूं, ह्ल्व्यूं, भ्ल्व्यूं म्ल्व्यूं, य्ल्व्यूं, प्ल्व्यूं, घ्ल्व्यूं, झ्ल्व्यूं ख्ल्व्यूं, छ्म्ल्व्यूं, क्ल्व्यूं, क्म्ल्व्यूं ।"

अत्राष्टमे समुद्देशे द्वादश पिंडाक्षाकार पिंडाद्याः ।
स्तंभादिषु ग्रहाणां निग्रहणं चापि वक्ष्यन्ते ॥ ११ ॥

अर्थ—इन बारह पिंड आदिको आगे आठवें समुद्देशमें ग्रहोंके स्तम्भन तथा निग्रह आदिके साथ लिखेंगे ॥११॥

विलिखेच्च जया विजयामजितां अपराजिता स जंभां ।
मोहां गौरी गांधारी चक्रों ब्लूं पार्श्वेष्व ॐ जादिकाः ॥१२॥

स्वाहान्ताः क्षी क्ली पार्श्वस्थेषु
हा ही हूं हौं हः श्चतुः कोष्टेषु विलिखेत् ।
रेखाग्रेष्टखिलेषु च वज्रान्यथ वज्रपंजरं प्रोक्तम् ॥१३॥

अर्थ—जया, विजया, अजिता, अपराजिता, जंभा मोह, गौरी, गांधारी, क्रों, ब्लूं, का, क्षी, और,

क्ष्रीं को, आदिमें ॐ। और अतमें, स्वाहा, लगाकर बारह बिंदु पदोंके स्थानमे लिखे। वह इस प्रकार हैं। ॐ जयायै नमः। ॐ विजयायै नमः। ॐ अपराजितायै नमः। ॐ जम्भायै नमः। ॐ मोहायै नमः। ॐ गौयैं नम। ॐ गांधायैं नमः। ॐ क्रों नमः। ॐ ब्लूं नमः। ॐ क्ष्रीं नमः। ॐ क्ष्रीं नमः। चारों कोठोमें "ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्र" इन पाचों शून्योंको लिखे। और सब रेखाओंके अग्र भागमें वज्रोंको लिखे। यह वज्रमय लिखे। यह वज्रमय पंजरका वर्णन किया गया।

पिंड्‌षु ह भानां देव्य विधानं पृथक् पृथक् लिख्यं।
तान् स्त्री नेके नैव प्रवेष्टयेन्मघ्य पिंडेन॥ १४॥

अर्थ—पिंडोंके लिखनेमें ह, म, आदि अक्षरोंको पृथक्-पृथक्‌रूपसे लिखकर पिडोंके अन्दर सावधानीसे लगावे। फिर मध्य पिंडके द्वारा देवीको वेष्टित करे॥ १४॥

रक्षक यन्त्र

खरकेशर मष्टदलं कमलं वाह्यै क्रमाद्लेषु लिखेत्।
अष्टौ ब्राह्मण्याद्या ब्रह्मादि नमोन्तिमा मात॥ १५॥

अर्थ—परागमें ज्वालामालिनीदेवीको लिखकर उसके चारो आर अष्टदल कमल बनावे जिनमें क्रमसे आठों ब्राह्मणी आदि माताओंको आदिमें ॐ और अंतमें "नमः" लगा कर लिखे॥ १५॥

प र घ ऊ ष छ ठ व पिंडान् चाष्टौ शेषान् पृथक्क्रमाद्विलिखेत्
तथैव प्रण वाद्यानवतत्व नमोंतिमान्मत्री ।। १६ ।।

अर्थ—इसके पश्चात् दूसरे क्रमसे, प, र, घ, ऊ, ष, छ, ठ, और, व, पिंडोंको आदिमें ॐ और अंतमें "नम." लगाकर लिखे ।। १६ ।।

क्रों सर्वदलाग्रेषु ह्री सर्वदलांतरेषु लिखेत् ।
ॐ नव तत्वं ज्वालिनी नम इत्या वेष्टयेद्वाह्ये ।। १७ ।।

अर्थ—सर्व दलोंके अग्रभागमें, क्रों, और बीचमें, ह्रीं, लिखकर बाहर "ॐ ह्रीं, क्लीं ब्लूं द्रां द्रीं ह्रां आं क्रों क्षी ज्वालामालिन्यै नमः ।" मंत्रसे वेष्टित कर दे ।। १७ ।।

इत्थं कथि तस्यास्य ज्वालिन्याः परम मूलमंत्रस्य ।
मध्ये ध्यायन्मातृभिरष्टाभिः परिवृतां देवीं ।।१८ ।।

अर्थ—इस कहे हुए ज्वालामालिनीके मूलमंत्रके बीचमें अष्ट मातृका देवियोंसे घिरी हुई ज्वालामालिनीदेवीका ध्यान करे ।। १८ ।।

ज्वालामालिनिका ध्यान

अब ज्वालामालिनिदेवीके स्वरूप निर्विष बीजैः । बीजैः ॥२५॥ करनेके वास्ते वर्णन करत

चंद्रप्रभजिननाथं, चंद्रप्रभमिन्द्रनंदि महिमान र और पूर्णचंद्र
भक्त्याकिरीटमध्ये, त्रिभ्राणं स्त्रोतमांगेन ॥ १९ सहित मलवर
करके,

अर्थ—ज्वालामालिनिदेवी इन्द्रोंके प्रसन्न व . महिमावाले चंद्रमाके समान कांतिवाले भगवान् चंद्रप्रभुकी मूर्तिको भक्तिसे अपने शिर पर मुकुटके अंदर धारण करती है ॥ १९ ॥

कुमुददलधवलगात्रां, महिषारूढां समुज्वलाभरणं ।
श्रीज्वालिनि त्रिनेत्रां, ज्वालामालाकरालांगी ॥ २० ॥

अर्थ—वह देवी कुमुदके पुष्पके समान श्वेत शरीरवाली, भैंसेके वाहनवाली, उज्वल आभूषणोंवाली, तीन नेत्रवाली और अग्निकी शिखाके समूहसे भयंकर अंगवाली है ॥ २० ॥

पाशत्रिशूलकार्मुकरोपण ऊष चक्र फलवर प्रदानानि ।
दधंती स्वकरैरष्टमयक्षेश्वरीं पुण्यां ॥ २१ ॥

अर्थ—पाश, त्रिशूल, धनुष, बाण, मछली, चक्र, फल और वरदान देनेको अपने हाथोंमें धारण करनेवाली पुण्य स्वरूप आठवीं यक्षेश्वरी है ॥ २१ ॥

प र घ ऊ कशांकुशं हरियुतं कूटं स बिन्दुं लिखेत् ।
तथैव प्रण वा शपिण्ड मातृ सहितान् शून्यैश्चतुर्भिर्युतान् ॥
ंजरांतरगतो दुष्टैरलंघ्यो भवेत् ।
अर्थ—इसके ग्रहान् त्रितथान् रौद्रान् समुच्चाटयेत् ॥२२॥
ठ, और, व, पिं
लगाकर लिखे ॥ १समय आगे आनेवाले "श्रीमत आं क्रौं ईं
ब्लूं सः क्ष्ल्व्यूं हल्व्व्यूं भल्व्यूं मल्व्यूं
क्रौं सर्वद ल्व्यूं ऊल्व्यूं खल्व्यूं छम्ल्व्यूं कम्ल्व्यूं क्षीं क्षूं
ॐ नः, मंत्रके वज्रमय पिंजरेके बीचमें बैठा हुआ मंत्री दुष्ट ग्रहोंसे अलंघ्य होकर शाकिनी और रौद्र महा ग्रहोंको शीघ्र ही दूर भगा देता है ॥ २२ ॥

पात्रं मुक्त्वा मंत्री बली हि मत्वा गृहाः प्रयान्ति यदि ।
तत्राप्याशा बंधं कुर्यादित्थं सनापैति ॥ २३ ॥

अर्थ—यदि मंत्रीको बली जानकर कोई ग्रह आवे तौ दीशाबंध करनेमे वह दूर हो जाता है ।

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः ज्वालिनी पादौ च जघनमुदरं वदनं ।
शीर्षं रक्ष द्वय होमांतम् परगात्र पंचके संस्थाप्य ॥ २४ ॥

अर्थ—" ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः ज्वालामालिनी पात्रस्य पादौ जघनं उदर वदनं शीर्षं रक्ष रक्ष स्वाहा " इत्यादि ऊपरके अनुसार इस मत्रको अपने पाचो अंगोमे होमके अन्त तक स्थापित करके ।

ग्रह निग्रह निधान

क्ष ह भ म य र ऊकांतै पूछकार पूर्णेन्दुयुक्त निर्विष बीजैः ।
बिंदूर्द्ध रेफ सहितैर्म्मल वरयूं संयुतं द्विषद्विद्बीजैः ॥२५॥

अर्थ—क्ष ह भ म य र उ ख छकार और पूर्णचंद्र (ठ) सहित निर्विष (क) बीजोंसे बिन्दु ऊर्ध्व रेफ सहित मलवर और यूं से युक्त शत्रुओंको नष्ट करनेवाले बीजोंसे मुक्त करके,

स्तम्भन स्तोभन ताडन मांध्य प्रेषणं दहनभेदनं बंधा ।
ग्रीवा भंगं गात्रछेदनहननमाप्यायनं ग्रहाणां कुर्यात् ॥२६॥

अर्थ—ग्रहोंका स्तम्भन, कम करना (स्थिर करके खेंचना) मारना, अंधा करना, जलाना, भेदना, बांधना, ग्रीवाभंग, अंग छेदना, मारण तथा दूरीकरण करे ॥ २६ ॥

हास्यान्निरोधशून्यं स्वरो द्वितीय श्चतुर्थ षष्ठौ च ।
ॐ कारो बिन्दुयुतो विसर्जनीयश्च पंचकला ॥ २७ ॥

ॐ कूट पिंड पञ्च स्वर संयुत कूट पंचकं स निरोधं ।
दुष्ट ग्रहां स्तथा द्विस्तम्भ मंत्र इति फट् २ घे घे ॥ २८ ॥

अर्थात् "ॐ क्षल्व्यूं ज्वालामालिनि, ह्रीं, क्लीं, ब्लूं, द्रां, द्रीं, क्षां, क्षीं, क्षूं, क्षौं, क्षः, हाः, दुष्ट ग्रहान् स्तम्भय २ हां, आं, क्रों, क्षीं, ज्वालामालिन्याज्ञापयति हुँ फट् २ घे घे ॥"

यह ग्रहोंका स्तंभन मंत्र है। इसमें शृङ्खला मुद्रा होती है।

ॐ शून्य पिंड पंच स्वर युत ह बीज पंचकं स निरोधं।
स्तोभन मंत्रः सर्वग्रहानथाकर्षय द्वयं संवौषट् ॥ २९ ॥

अर्थ—"ॐ हल्व्यूं ज्वालामालिनि ह्रीं क्लीं ब्लूं द्रां द्रीं ग्वीं हां ही हूं हौं हः हा सर्व दुष्ट ग्रहान्स्तोभय२ आकर्षय२ हां आं क्रों क्षीं ज्वालामालिन्याज्ञापयति संवौषट्।"

यह ग्रहोंका स्तोभन मंत्र है। इसमें शिखि मुद्रा होती है ॥२९॥

भक्ति भ पिंडो, भ्रां, भ्रीं, भ्रौं, भ्रः, सन्निरोधसहितं च।
दुष्ट ग्रह मथ ताडय हुं फट् घे घे इति ताडनमंत्रः ॥३०॥

अर्थ—"ॐ भल्व्यूं ज्वालामालिनि ह्रीं क्लीं ब्लूं द्रां द्रीं भ्रां भ्रीं भ्रूं भ्रौं भ्रः हाः दुष्ट ग्रहान् ताडय२ हां, आं, क्रों, क्षीं, ज्वालामालिन्याज्ञापयति हुं फट्२ घे घे।"

यह ताडन मंत्र है। इसमें गद मुद्रा होती है ॥३०॥

विनयादि मपिंडो भ्रां भ्रीं भ्रूं भ्रौं भ्रस्तथैव सं निरोधः।
हुं फट् घे घे सर्वग्रह नाम्ना वज्रमय शून्या ॥ ३१ ॥

अक्षीणि विस्फोटय द्वि स्तथैव हुं फट् घे घे।
अक्षि स्फोटनमंत्रो मुद्राप्यस्याक्षि भंजिनी नाम ॥ ३२ ॥

अर्थ—ॐ मल्व्यूं ज्वालामालिनी ह्रीं क्लीं ब्लूं द्रां द्रीं

आं अीं अूं अौं अः दुष्टग्रहान् हुं फट् सर्वेषां दुष्ट ग्रहाणां वज्रमय सूच्या अक्षीणि स्फोटय स्फोटय हां आं क्रों क्षीं ज्वालामालिन्याज्ञापयति हुं फट् घे घे ।

यह ग्रहोंका अक्षिस्फोटन मंत्र है। इसकी सूची मुद्रा है ॥३२॥

भक्त्यादि वायुपिंडो य य य य याः याः ग्रहानथ समस्तान् द्वि प्रेषय घे घे हुं जः जः जः प्रेषण सुमंत्रः ॥ ३३ ॥

अर्थ—ॐ यल्व्यूं ज्वालामालिनि ह्रीं क्लीं ब्लूं द्रां द्रीं य य य य याः याः सर्व दुष्टग्रहान् प्रेषय२ घे घे हां आं क्रों क्षीं ज्वालामालिन्याज्ञापयति हुं जः जः जः ।

यह प्रेषण मंत्र है। इसकी छुरिका मुद्रा है ॥३३॥

वामादि रग्निपिंडः शिखि महेवी ज्वल द्वयं र र र र रां रां, प्रज्वल हुं धगयुग धूं धूं धूमांधकारिणी ज्वलनशिखे ॥३४॥

देवान्नागान् यक्षान् गंधर्वान् ब्रह्मराक्षसान् भूतान् ।
शतकोटि देवतास्ता. सहस्रकोटिं पिशाचराजानं ॥३५॥

दह दह पद प्रतिपदं घे स्फोटय मारयेति युगलं च ।
दहनाक्षि प्रलय धगद्धगितमुखी ज्वालिनी ह्रां ह्रीं ॥३६॥

ह्रूं ह्रौं ह्रः सर्व्वग्रह हृदयं हुं दह दहेति मंत्रपदं ।
ह ह ह ह हाः हाः फट् घे घे होम मंत्रोऽयं ॥ ३७ ॥

अर्थ—"ॐ रम्ल्व्यूं ज्वालामालिनि ह्रीं क्लीं ब्लूं द्रां द्रीं ज्वल ज्वल र र र र रां रां ज्वल प्रज्वल प्रज्वल हुँ हुँ धग धग धू धू धूमांधकारिणि ज्वलन्शिखे देवान् दह दह नागान् दह दह यक्षान् दह दह गंधर्वान् दह२ ब्रह्मराक्षसान् दह२ भूत ग्रहान् दह२ व्यन्तर ग्रहान् दह२ सर्व दुष्टग्रहान् दह२ शतकोटि देवतान् दह दह सहस्र कोटिपिशाचराजानं दह२ लक्षकोटिअपस्मार ग्रहान् दह दह घे घे स्फोटय स्फोटय मारय मारय दहनाक्षि प्रलय धगद्धगित मुखि ज्वालामालिनि ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्र सर्व दुष्ट ग्रह हृदयं हुँ दह२ पच२ छिंद२ भिंद२ ह ह ह ह हाः हाः आं क्रों क्षी ज्वालामालिन्याज्ञापयति हुँ फट् घे घे।"

यह दहन मंत्र और होम मंत्र है ॥३४-३७॥

अग्नि त्रिकोण कुंडे मधुरत्रयसर्वधान्यसर्वपलवणै ।
राज पलाश शमितरु काष्टैः कुर्य्याद् बुधो होमं ॥ ३८ ॥

भूर्तव्यागायत्रीमुच्चार्य त्रिः सकृद्ध मेदग्निं ।
त्रीन्वाराग्नित्यग्ने रादौ संधुक्षणं कुर्य्यात् ॥ ३९ ॥

अर्थ—त्रिकोण कुण्डमें, घृत, दुग्ध और मधु, सब धान्य, सफेदसरसों, और लवणको लेकर पलाश और शमीकी समिधासे होम करे ॥ ३८ ॥

फिर भूताख्य नामके गायत्री मंत्रका तीन नाम उच्चारण करके अग्नि जलावे, फिर संधुक्षण मंत्रसे तीनवार अग्निका संधुक्षण करे ॥ ३९ ॥

भूताख्य गायत्री मंत्र ।

"ॐ वज्र तुण्डाय धीमहि एक दंष्ट्राय धीमहि अमृतं वाक्यस्य संभवेत् तन्नोदहः प्रचोदयात् ।"

प्रणवनघपिण्ड पंचकलायुत तलरेफयुत घकार निरोधं ।
घं घं खं खं खड्गै रावण सद्विद्ययाथ घातय युगलं ॥ ४० ॥

सचंद्रहासेन द्विच्छेदय भेदय द्विः ऊं ऊं स्वं खं ।
हं सं फट्२ घे२ मंत्रोऽयं जठर भेदि स्यात् ॥ ४१ ॥

"घल्र्व्यूं ज्वालामालिनि, ह्रीं, क्लीं, ब्लूं, द्रां, द्रीं, ध्रां, घ्रीं, घ्रूं, घ्रौं, घ्र, हा, घं, घं, खं, खं, खड्गै रावण सद्विद्यया घातय२ सचंद्रहासड्गेन छेदय२ भेदय२, ऊं, ऊं, खं, खं, हं, सं, ह्रां, आं, क्रों, क्ष्मीं, ज्वालामालिन्याज्ञापयति हुँ फट्२ घे घे ।

यह उदर भेदी मन्त्र है । इसको खड्गै रावण विद्या कहते हैं ॥ ४०-४१ ॥

प्रणवन सहित ऊपिंडो गुप्तोच्चरितः स्ववायु निर्गमनः ।
हाः पूर्णेन्दु समेतः स्यात् मुष्टि ग्रहण मंत्रोऽयं ॥ ४२ ॥

अर्थ—"ॐ झ्ल्व्यूँ ज्वालामालिनि ह्रीं क्लीं ब्लूं द्रां द्रीं हाजः" यह मुष्टिग्रहण मंत्र है। इसकी मुष्टिमुद्रा है ॥४२॥

पिंडेन विना हा फट् घे घे मंत्रेण तत्र चान्यस्मिन् ।
कुर्याद्ग्रह संक्रामं मुष्टि विमोक्षेण सन्मंत्री ॥ ४३ ॥

अर्थ—"हाः फट् घे घे।" यह मुष्टि विमोक्षण मंत्र है। इससे भी ग्रह दूर हो जाते है ॥ ४३ ॥

पिण्ड· स एव विनयादिक स्वपंच तत्वान्वितः सन्निरोध· ।
सर्वेषां ग्रहनाम्नां कुरु सन्निग्रहां स्तथा हूं फट् घे घे ॥४४॥

"ॐ झ्ल्व्यूँ ज्वालामालिनि ह्रीं क्लीं ब्लूं द्रां द्रीं झ्रां झ्रीं झ्र झ्रौं झ्रः हाः सर्व दुष्ट ग्रहान् स्तंभय स्तंभय ताडय२ अक्षीणि स्फोटय२ प्रेषय२ भेदय२ हा· हाः हाः आं क्रों क्षीं ज्वालामालिन्याज्ञापयति हुं फट् घे घे।"

यह दुष्ट निग्रह कर्म मंत्र होने पर दुष्ट मुद्रावाला तथा ईसित कर्ममंत्र होनेपर दुष्ट तर्जनी मुद्रावाला होता है ॥ ४४ ॥

ॐ कान्त पिण्ड पंच स्वर युत वल रेफ सहित कपरं च ।

— — ते [illegible] ग्रां कह यग घे घे ॥ ४५ ॥

अर्थ—ॐ खल्व्यूं ज्वालामालिनि ह्रीं क्लीं ब्लूं द्रां द्रीं ख्रां ख्रीं ख्रूं ख्रौं ख्रः ह्राः फट् घे घे सर्वेषां ग्रहाणां गलमंगंकुरु२ ह्रां आं क्रों क्षी ज्वालामालिन्या ज्ञापयति हुँ फट् घेघे।

यह गलभंग मंत्र है, इसकी खलिन मुद्रा है ॥ ४५ ॥

भक्त्यादि चान्त पिण्ड पंच कला रेफ युक्त चांत निरोधः।
सर्वेषां ग्रह नाम्ना मंत्राणि छिंद फट् फट् घे घे ॥ ४६ ॥

अर्थ—ॐ छम्ल्व्यूं ज्वालामालिनि ह्रीं क्लीं ब्लूं द्रां द्रीं छ्रां छ्री छ्रूं छ्रौं छ्रः हा सर्वेषां ग्रह नाम्ना मंत्राणि छिंद छिंद ह्रां आं क्रों क्षीं ज्वालामालिन्या ज्ञापयति हुँ फट् घे घे ॥

यह अंत्र छेदन मंत्र है, इसकी अंत्र छेदन मुद्रा है ॥४६॥

भक्तिसहितेन्दुपिण्ड ब्लींहाः सर्व ग्रहांस्तु पाषाणै।
ताडय ताडय भूमौ द्विपातय हूं युगं च फट्२ घे घे ॥४७॥

अर्थ—ॐ ठल्व्यूं ज्वालामालिनि ह्रीं क्लीं ब्लूं द्रां द्रीं ब्लीं हा सर्व दुष्ट ग्रहान् तडित्पाषाणैः ताडय२ भूमौ पातय२ ह्रां आं क्रों क्षीं ज्वालामालिन्या ज्ञापयति हुँ फट् घे घे ॥

यह ग्रहोंका हनन मंत्र है, इसकी विद्युत् मुद्रा है ॥४७॥

विनयस्य एव पिंडस्तदीयमयतत्वपंचकं निरोधः।
सर्वेषां ग्रहनाम्नां कुरु सर्व निग्रहां सु फट् घे घे ॥ ४८ ॥

अर्थ—ॐ थल्व्यूं ज्वालामालिनि ह्रीं क्लीं ब्लूं द्रां द्रीं

ग्रां ग्रीं ग्रूं ग्रौं ग्रः हाः सर्व दुष्ट ग्रहान् स्तंभय२ स्तोभय२ ताडय२ ऊक्षीणि स्फोटय२ प्रेषय२ दह२ भेदय२ बधय२ ग्रीवा भंगय२ अंत्राणि छेदय छेदय हन२ हां आं क्रों क्षीं ज्वालामालिन्या ज्ञापयति हुं फट् घे घे ।

यह सर्व कार्थक मंत्र है, इसकी तर्जनी मुद्रा है। ॥ ४८ ॥

विनयो निर्विष पिंड स्व पंचतत्वं निरोध्र सहित च।
सर्व ग्रहान् समुद्रे द्विर्मजय हूं तथैव फट् फट् घे घे ॥४९॥

अर्थ—ॐ क्म्ल्व्र्यूं ज्वालामालिल ह्रीं क्ष्रीं ब्लूं द्रां द्रीं क्षां क्षीं क्षूं क्षो क्षः हाः दुष्ट ग्रहान् समुद्रे मजय२ हां आं क्रों क्षीं ज्वालामालिन्या ज्ञापयति हुं फट्२ घे घे ॥

यह मजन मंत्र है, इसकी मजन मुद्रा है ॥४९॥

निर्विष पिंड· सं तं वं मं हं ऊं ग्रहानथ समस्तान् ॥
उत्थापय द्वयं नट नृत्य द्वितयं तथा स्वाहा ॥ ५० ॥

अर्थ—क्ष्म्ल्व्र्यूं ज्वालामालिनि ह्रीं क्ष्रीं ब्लूं द्रां द्रीं सं तं वं मं हं ऊं सर्व दुष्ट ग्रहान उत्थापय२ नट२ नृत्य२ हां आं क्रों ह्रीं ज्वालामानिन्या ज्ञापयति स्वाहा।

यह अप्यायन मंत्र है, इस ही आप्यायन मुद्रा है ॥५०॥

सर्व निरोधे वाप्यायन मंत्रेणानेन साक्षतं सलिलं ।
अभिमंत्र्य ताडयेत्क्षालयेच्च कृत निग्रहं स्यात् ॥ ५१ ॥

अर्थ—इस सर्व निरोध आप्यायन मन्त्रके द्वारा अक्षत और जलको अभिमन्त्रित करने, अक्षतको मारने और जलसे धोनेसे सब ग्रहोंका विनाश हो जाता है ॥५१॥

आत्मान्यस्मिन्वा प्रति बिम्बे वाद् निग्रहे विहिते।
ग्रह निग्रहो भवेदिति शिखिमहेवि मतं तथ्यं ॥५२॥

अर्थ—इस या अन्य किसी निग्रह मंत्रका प्रयोग करनेसे ग्रहोंका निग्रह हो जाता है। ऐसा ज्वालामालिनीदेवीका सिद्धांत है॥ ५२ ॥

ईषनात्रां नालिका मेकै काक्षर सु विच्ययावेष्टय।
जपेते सप्तोत्तर विंशति मणिभिः त्रिसंध्यमप्यष्टशतं ॥५३॥

अर्थ—एक२ अक्षरका अपने२ हृदयमें अच्छी तरहसे ध्यान करके प्रातः दोपहर तथा सायंकालमे सत्ताईस मणियों द्वारा एकसौ आठ बार जप करना चाहिये ॥ ५३ ॥

विषमफणिविषमशाकिनीविषमग्रह विषममानुषां सर्व्वे।
निर्व्विषतां गत्वा ते वश्याः स्यु. क्षोभमेति जगत् ॥ ५४ ॥

अर्थ—भयंकर सर्प, भयंकर शाकिनी, विषम ग्रह, और सब विषम मनुष्य निर्विष होकर वशमे हो जाते हैं, और सम्पूर्ण जगतको क्षोभ प्राप्त होता है ॥ ५४ ॥

शब्द कशांकुश चरणै र्हय नागाश्चोदिता यथा यांति बुधैः ।
दिव्यादिव्याः सर्वे नृत्यंति तथैव संबोधनतः ॥ ५५ ॥

अर्थ—जिस प्रकार घोडे और हाथी, शब्द, शकोड़े, अंकुश और एडसे आगे चलते हैं, उसी प्रकार पंडितोंके शब्द पर दिव्य और अदिव्य सभी ग्रह नाचते है ॥ ५५ ॥

वाक् तीक्ष्णै र्व्वर मन्त्रै भित्वा दुष्टग्रहस्य हृदयं कर्णौ ।
यद्यच्चिन्तयति बुध स्तत चोद्यं करोतु भुवि ॥ ५६ ॥

अर्थ—पंडित पुरुष तीक्ष्ण बाणोंवाले उत्तम मंत्रोंसे दुष्टग्रहके हृदय और कानोको छेदकर जो जो सोचता है। संसारमे वही वही होता है ॥ ५६ ॥

बीजाक्षर ज्ञानका महत्व

तत्कर्म नात्र कथितं कथित्र शास्त्रेषु गारुडे सकलं ।
तद्भेदमाप्य मंत्री यद्वक्ति पदं तदेव मन्त्र· स्यात् ॥ ५७ ॥

अर्थ—जिस भेदको पाकर मन्त्री जो कुछ कहता है, वही मन्त्र बन जाता है। वह कर्म यहां नहीं बतलाया गया बल्कि उसका कथन पूर्णरूपसे गारुड शास्त्रमें किया गया है ॥ ५७ ॥

यद्य चोद्यं कुर्यान्मंत्री कथयतु तदात्म पार्श्व जिनाय ।
पात्रं निश मय्य वचो यद्वक्ति पदं तदेव मंत्रः स्यात् ॥५८॥

अर्थ—मंत्री उसको जानकर जो जो करना चाहिये वह सब कर करके श्री पार्श्वनाथ भगवानके अर्पण कर दे। ऐसे मंत्रीके वचनको जो सुनेगा उसके लिये वही मंत्र हो जावेगा।

छेदन दहन प्रेषण भेदन ताडन सुबंध मांद्य मन्यद्वा।
पार्श्व जिनाय तदुक्त्वा यद्वक्ति पदं मंत्र स्यात् ॥ ५९ ॥

अर्थ—वह पुरुष छेदना, जलाना, भेदना, काटना, मारना और बांधना आदि तथा अन्य भी श्री पार्श्वनाथ भगवान्के लिये कह कर जो पद कहता है, वही मंत्र हो जाता है।

दिव्य मदिव्यं साध्यमसाध्यं सबोध्य मप्य संबोध्यं।
बीज मबीजम् ज्ञात्वा यद्वक्ति पदं तदेव मंत्रः स्यात् ॥६०॥

अर्थ—वह दिव्य और अदिव्य साध्य और असाध्य कहने योग्य और न कहने योग्य तथा बीज और अबीजको बिना जाने हुए भी जो पद कहता है, वही मंत्र होजाता है।

भृकुटि पुट रक्त लोचन भयं कराट्ट प्रहास हा हा शब्दैः।
मंत्र पदं प्रपठन्नपि यद्वक्ति पदं तदेव मंत्रः स्यात् ॥ ६१ ॥

अर्थ—वह भौं चढ़ाकर लाल नेत्र किये हुए भयंकर अट्टहास करता हुआ हा हा शब्द करता हुआ अथवा मन्त्र पदको पढ़ता हुआ भी जो कुछ कहता है, वह मन्त्र बन जाता है ॥ ६१ ॥

यद्यचोद्यं वांछति तत्तत्कुरुते द्विष द्विषद्विदं बीजं।
तस्माद्बीजं ध्यात्वा यद्वक्ति पदं तदेव मन्त्रः स्यात् ॥६२॥

अर्थ—वह जिस जिम कार्यको करना चाहता है, शत्रुको जाननेवाला बीज वही २ कर देता है, इस वास्ते बीजका ध्यान करके जो पद कहा जाता है, वही मन्त्र हो जाता है ॥ ६२ ॥

अति बहला ज्ञान महांधकार मध्ये परिभ्रमन्मंत्री।
लब्धोपदेश दीपं यद्वक्ति पदं तदेव मन्त्रः स्यात् ॥ ६३ ॥

अर्थ—मंत्री पुरुष अत्यन्त गहन अज्ञानरूपी महा अन्धकारके बीचमे घूमता हुआ भी उपदेश रूपी दीपकको पाकर जो कहता है, वही मंत्र हो जाता है ॥ ६३ ॥

न पठतु माला मंत्रं देवी साधयतु नैव विधि नेह।
श्री ज्वालिनी मतज्ञो यद्वक्ति पदं तदेव मंत्रः स्यात् ॥६४॥

अर्थ—न तौ मालाके ही मन्त्रका पाठ करे और न यहां देवीकी ही विधिपूर्वक साधना करे किंतु श्री ज्वालामालिनी देवीके मतको जाननेवाला पुरुष जो कहता है, वही मन्त्र हो जाता है ॥ ६४ ॥

देव्यर्चनजपनीयध्यानानुष्ठानहोम रहितोऽपि।
श्रीज्वालिनी मतज्ञो यद्वक्ति पदं तदेव मंत्रः स्यात् ॥ ६५ ॥

अर्थ—देवीकी पूजा, जाप, ध्यान, अनुष्ठान और होमसे रहित होने पर भी श्री ज्वालामालिनीदेवीके सिद्धांतको जाननेवाला जो पद कहता है। वही मंत्र हो जाता है ॥ ६५ ॥

त्रिनयं पिंडं देवी स्वपंच तत्वं निरोध सहितं च।
ज्ञात्वोपदेश गर्भं यद्वक्ति पदं तदेव मंत्र· स्यात् ॥ ६६ ॥

अर्थ—त्रिनय पिंड देवी स्वपंच तत्वको निरोध सहित जानकर जो पद कहता है, वही मंत्र हो जाता है। अर्थात् निम्नलिखित मंत्र सर्वत्र काम दे सकता है।

"ॐ क्ष्म्ल्व्यूं ज्वालामालिनी क्षां क्षीं क्षूं क्षौं क्षं क्षः हाः दुष्टग्रहान् स्तंभय२ ठं ठं हां आं क्रों क्षीं–ज्वालामालिन्या ज्ञापयति हुं फट् घे घे।"

उपदेशान्मंत्रगति मंत्रै रुपदेशवर्जितैः किं क्रियते।
मंत्रो ज्वालामालिन्यदिकृतकल्पोदितः सत्यः ॥ ६७ ॥

अर्थ—मन्त्र बिना उपदेशके नहीं रह सकते और बिना उपदेश पाये कुछ क्रिया भी नहीं जा सकता किंतु ज्वालामालिनी कल्पके बतलाये हुए मन्त्र पूर्ण रूपमे सत्य है ॥६७॥

कर्णात्कर्णं प्राप्तं मंत्र प्रकटं न पुस्तके विलिखेत्।
स च लभ्यते गुरु मुखाद्यत्क. श्री ज्वालिनी कल्पे ॥ ६८ ॥

अर्थ—मन्त्र कर्णसे लेकर कर्णमे ही रक्खे, पुस्तकमें न

लिखे, जो कुछ भी ज्वालामालिनी कल्पमें है। वह केवल गुरु मुखसे ही सुना जा सकता है ॥ ६८ ॥

बीजोंका कुछ वर्णन

त्रिमूर्ति मूर्तिद्वय मैंद्रयुक्तं, पयोधि मैंद्रस्थित मां समेतं ।
स्त्री रेतसो द्रावक मुत मंद्रा, मुमा हृदुद विधुस्त द्रांद्री ॥६९॥

अर्थ—त्रिमूर्तिवाला क्ष्मी, द्विमूर्तिवाला (ल) ऐंद्रयुक्त समुद्ररूप (ह) ऐंद्र (लं) और लं सहित मंत्र स्त्रीके रजको द्रवित करता है। चंद्ररूप द्रां और द्रीं लक्ष्मींके हृदयको भेदन करनेवाले हैं ॥ ६९ ॥

शून्यं द्वितीय स्वर बिन्दुयुक्तं, स्वरो द्वितीयश्च सबिन्दु रन्यः।
मृगेन्द्र विथ्यि द्वश कृच्च कूटः, सत्रिष्णु बिन्दुर्भ भवेदि तत्वं ॥७०

अथ—दूसरा स्वर बिन्दुसे युक्त होनेपर शून्य कहलाता है। आं सहित उसीको दुबारा कूट त्रिष्णु और बिन्दु सहित लेनेसे अर्थात् "आ आं क्षः इं अं" यह मंत्र सिंहके मार्गको भी वशमें करता है ॥ ७० ॥

कूटस्थ य भपिंडगर्भमपिंडनिर्मितकणिके
षोडश स्वरकेशरोज्वलशेषपिंडदलाष्टके ।
भासुरे नव तत्व वेष्टित पंकजेश निवासिनीं
ज्वालिनीं ज्वातिप्रभामनुचिन्त येत्फल दायिनीं ॥७१॥

अर्थ—एक अष्ट दल कमलकी कर्णिकाके बीचमें क्ष्म्ल्व्र्यूं बीज रखकर सोलह स्वरोंको परागके स्थानमें और अवशेष पिण्डोंको आठों दलों पर रक्खे। ऐसे तेजस्वी नव तत्वोंसे वेष्टित उत्तम कमलमें रहनेवालोंको ज्वालामालिनी देवी फलको देनेवाला उत्तम तेज देती है ॥ ७१ ॥

नाभौ क्लीं हृदये च ह्रीं शिरसि च द्रूं पादयोः क्षीं गुदेः
द्रां क्रो मूर्द्धन्यज रुद्धतमं कुश मधो ग्ल्यूं चो परि ब्ल्रूं गले।
ग्ल्यूं जान्यो रथतेन रुद्ध ममलं पाशं स्वनं कर्णयो
रूर्व्वो शब्द कशे तनौ चय परं भूता कृतौ विन्यसेत् ॥७२॥

अर्थ—संपूर्ण प्राणीकी आकृतिको कानों जंघाओं, शब्द समूह और शरीरमें निम्नलिखित क्रमसे बीजोंको रक्खे। नाभिमे क्लीं हृदयमे ह्रीं शिरमे द्रूं दोनो पैरोंमें क्षीं गुद स्थानमे द्रां शिरमें क्रों दोनो हाथोंमें कं तथा क्रों ग्ल्यूं ऊपर ब्ल्रूं गलेमे ग्ल्यूं घुटनोंमे अं और टं दोनो कानोंमें टं तथा अं दोनो जांघोंमे और भूतकी आकृतिमे सर्वत्र र लगावे ॥७३॥

ॐ ह्रीं रेफ चतुर्थ यं शिखि मति वाणान्त म· पिण्ड सं
भूतं तत्व सु पंच कं जल युगं तत्प्रज्वलं प्रज्वल।

हं युग्मं दद युग्म माम युगलं धूमांध कारिण्यतः
शीघ्र मेह्य मु ' वशं कुरु वशइच्च्यास्तु मंत्र· स्फुटं ॥७४

अर्थ—ॐ ह्रीं ह्रां हं ह्रौं हः द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं स जऊ

जल प्रज्वल२ हुं हुं दद माम् धूमांधकारिणि शीघ्रं एहि अमुकं वशं कुरु। यह वशमे करनेके लिये देवीका मंत्र है ॥ ७४ ॥

अज पिण्ड देवता पंच बाण निज तत्व पंचक निरोधैः ।
स्वेष्ट निरोध पदै सह जयति समस्त ग्रहान्मंत्री ॥ ७५ ॥

अर्थ—अजपिण्ड देवता पंचबाण स्वतत्व पंचक निरोध और इष्ट निरोध पदोंसे अर्थात् "क्षल्व्र्यूं ज्वालामालिनि द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं मः क्षां क्षीं क्षूं क्षौं क्ष हा सर्व दुष्ट ग्रहान् स्तंभय२ ठ ठः हां आं क्रौं क्षीं ज्वालामालिन्याज्ञापयतिहुँ फट् घे घे ।" इस मंत्रसे मंत्री सर्व ग्रहोंको जीतता है ॥७५॥

कुछ बीजोंका वर्णन

स्वाहा स्वधा च वषडपि संवौषट् हूं तथैव घे फट् क्रमश ।
शांतिक पौष्टिक वश्या कर्षण विद्वेष मारणोच्चाटन कृत् ॥७६॥

अर्थ—स्वाहा-शांति करनेवाला, स्वधा-पुष्टि करनेवाला, वषट्-वशीकरण करनेवाला, संवौषट्-आकर्षण करनेवाला हूं-विद्वेषण करनेवाला, घे-मारनेवाला और फट् उच्चाटन करनेवाला है ॥ ७६ ॥

विनयो ज्वालामालिन्युपेत नव तत्त्व युत नमस्कारः ।
एष प्रदान वश्य ज्वालिनी कल्पे ॥ ७७ ॥

अर्थ—ज्वालामालिनीको विनय और नव तत्व सहित ही नमस्कार ही देनेकी विद्या है यह ज्वालामालिनी कल्पसे जानना चाहिये ॥ ७७ ॥

विनयादि देवता पिंडतत्वनवकं निरोध शून्य युतं ।
वश्या कृष्णायुच्चाटन मारण बीजानि मणिविद्या ॥ ७८ ॥

अर्थ—विनयादि देवता पिण्ड नव तत्व निरोध और शून्य सहित वशीकरण आकर्षण, उच्चाटन मारण मा के बीजोंकी विद्या होती है। अर्थात्—"ज्वालामालिनि क्ष्म्ल्व्र्यूं हल्व्र्यूं भल्व्र्यूं मल्व्र्यूं यल्व्र्यूं सल्व्र्यूं घल्व्र्यूं झ्ल्व्र्यूं रल्व्र्यूं रम्ल्व्र्यूं छम्ल्व्र्यूं कम्ल्व्र्यूं वल्व्र्यूं । ॐ ह्री क्लीं ब्लूं द्रां द्रीं ह्री आं हां आं क्रों क्षो हा वषट् संवौषट घे घे" इम मन्त्रको वशीकरण उच्चाटन और मारण आदि बीजोंसे युक्त करके भोज पत्रपर लिखकर उक्त लिखित मंत्रकी सत्ताईसकी माला बनाकर उसे प्रातः दो प्रहर तथा सायंकालके समय जपनेसे इच्छित कार्य सिद्ध होते है ॥ ७८ ॥

हृदयोपहृदय बीजं कनिष्ठिकाद्यंगुलिषु विन्यसेत ।
तस्योपर्यो ज्वालिनि जनवश्यं कुरु युगं वषट् तत्रमिदं ॥७९॥

अर्थ—हृदय और उपहृदयके बीजको कनिष्ठिका आदि अंगुलियोंमें रखकर इस मन्त्रका ध्यान करे ॥७९ ॥

"ॐ ज्वालामालिनि मम सर्वजन वश्यं कुरु२ वषट् ।" यह मन्त्र है।

साधारण विधि

वामकर मंत्रमंत्रित निजवेदने नातनोतु जन वश्यं ।
भीमकरेण दश त्रासनानि होमं च विदधातुः ॥ ८० ॥

अर्थ—मंत्री पुरुष बाएं हाथसे मन्त्रको जाप कर अपने मुखसे उसको पढता जावे और दाहिने हाथसे दश प्रकारके पूर्वोक्त त्रसन और होम करे ॥ ८० ॥

मंत्रजपहोमनियमध्यानविधिं मा करोतु मंत्रीति ।
यद्यप्यत्रसयुक्तं तथापि सन्मंत्र साधन जहातु ॥ ८१ ॥

अर्थ—मंत्रीको चाहिये कि वह मंत्र जप होम नियम और ध्यानकी विधिको पूर्ण रूपसे करे । यद्यपि उसका यहां विधान साधारण है । तथापि न करनेसे वही मंत्रके साधनको छोड़ देती है ॥ ८१ ॥

एक स्तावद्वन्हिः पुनरपिपवनाहतो न कुर्यात्किम् ।
एक स्तावन्मंत्रो जप होम युतास्य किमसाध्यं ॥ ८२ ॥

अर्थ—यद्यपि अग्नि एक होती है । तथापि उसको हवासे न ऊपका जाने पर वह क्या नहीं करती । उसी प्रकार मंत्र एक ही होता है । तब भी जप और हवनसे युक्त होने पर उसके लिये क्या असाध्य है ? ॥ ८२ ॥

तस्मान्मंत्राराधनविधि विधिमिहविधिपूर्व्वकं करोतु बुधः।
नित्य मनालस्य मना यदीष्टसिद्धिं समीपोत ॥ ८३ ॥

अर्थ—इस लिये पंडित पुरुष यदि इष्ट सिद्धि करनी चाहता हो तौ मनसे आलस्यको दूर करके मंत्राराधनविधिपूर्वक इष्ट सिद्धि करे ॥ ८३ ॥

इतिश्री हेलाचार्य प्रणीत अर्थमें श्रीमत् इन्द्रनन्दि मुनि विरचित ग्रन्थमें ज्वालामालिनी कल्पकी काव्य साहित्य तीर्थाचार्य प्राच्य विद्यावारिधि श्री चन्द्रशेखर शास्त्री कृत भाषाटीकामे "द्वादशाबीजाक्षर विधान" नामक तृतीय परिच्छेद समाप्त हुआ ॥ ३ ॥

चतुर्थ परिच्छेदः

सामान्यमंडल

